# डॉक्टर्स इलेवन ने एकता क्लब को दी मात ड्रीम इलेवन ने ड्रेगन क्लब को हराया

## इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान पर डीसीए क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान पर आज से डीसीए चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि के रुप में जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष जेपी सिंह, सचिव आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों व खिलाड़ियों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच डॉक्टर्स इलेवन छिंदवाड़ा व एकता क्लब छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एकता क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाए। जिसमें 43 रन दीपक करोसिया व 34 रन विक्रम सिंग ने बनाएं। डॉक्टर्स इलेवन के गेंदबाज मधुसूदन ने 2 विकेट लिए। 122 रनों के लक्ष्य को डॉक्टर्स इलेवन ने 10 ओवर में 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया।



डॉक्टर्स इलेवन के बल्लेबाज धीरेंद्र ने 59 रन व 45 रन मनीष वर्मा ने बनाए लिए।

नौ विकेट से डॉक्टर्स इलेवन ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया- मैच में अंपायर पवन गवाने, शैलेन्द्र बिंदवारी रहे। स्कोरर निखिल चोखे व डीके रॉय चौधरी, ऐश्वर्य चौरसिया रहे। कमेंट्रेटर श्रांत चंदेल रहे। आज का दूसरा मैच ड्रीम इलेवन छिंदवाड़ा व ड्रेगन क्लब के मध्य खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्रीम इलेवन ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 197 रन बनाए, जिसमें 95 रन सुजल वर्मा व 33 रन हरीश दुबे ने बनाये। ड्रेगन इलेवन के गेंदबाज राजा धुर्वे ने 2 विकेट लिए। 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ड्रेगन इलेवन 20 ओवर में 5 विकेट पर 174 रन ही बना सकी। ड्रेगन इलेवन के बल्लेबाज रोहित कुमरे ने 61 व अनिकेत ने 31 रन बनाए। ड्रीम इलेवन के गेंदबाज विनय बंदेवार व हरीश दुबे ने 2-2 लिए। मैच 23 रनों से ड्रीम इलेवन ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच में अंपायर शेख इदरीश व शुभम मंडराह रहे। कमेंट्रेटर श्रांत चन्देल रहे।

कल के मैच- कल का पहला मैच सुबह 8.30 बजे से सिम्स क्लब छिंदवाड़ा व फ्रेंड्स क्लब छिंदवाड़ा के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच 11.30 बजे से इंडियन वॉरियर्स छिंदवाड़ा व एच एन क्लब के मध्य खेला जाएगा।

# छिंदवाड़ा के तीन सौ संस्थाओं के 20 हजार छात्रों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

## श्रीराम शर्मा का साहित्य भारतीय संस्कृति का निचोड़ है : प्रो. अमर सिंह

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री तीर्थ, शांति कुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में एवं परम पूज्य गुरुदेव, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी, वंदनीया माता जी "माँ भगवती देवी शर्मा जी के दिव्य संरक्षण में जिला छिंदवाड़ा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का विधिवत सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा छिंदवाड़ा के मुख्य प्रवक्ता डॉ. अमर सिंह ने बताया कि पूरे मध्य प्रदेश के साथ साथ छिंदवाड़ा जिले में भी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का विधिवत आयोजन किया गया, जिसमें जिले से लगभग तीन सौ विद्यालयों / महाविद्यालयों के लगभग बीस हजार विद्यार्थियों की भागीदारी रही। परीक्षा की जिला संयोजक श्रीमती शिखा वर्मा ने बताया कि सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, आध्यात्मिक पुनुरुत्थान की दिशा में यह परीक्षा मील का पत्थर साबित हो रही हैं ।लगभग 35 वर्षों



से इस परीक्षा का सफल आयोजन संपूर्ण भारत एवं विदेश में किया जा रहा है। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला संयोजक श्रीमती शिखा वर्मा ने समस्त परिजनों, सम्मानीय शिक्षकों, विद्यालय प्रभारीयों (प्राचार्य /संचालकों), अधिकारियों, सभी विद्यार्थियों को इस दिव्य परीक्षा में प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सार-समाचार

### चार पहिया से हटाई काली फ़िल्म, की चालानी कार्रवाई

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस छिंदवाड़ा द्वारा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में ऐसे वाहन चालक जो अपने वहां के साइड विंडो ग्लास में नियम विरुद्ध काली फ़िल्म लगाए हुए उनके विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लगातार पिछले तीन दिनों से कर रही है यह कार्रवाई छिंदवाड़ा शहर के साथ-साथ जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्र में भी की जा रही है।

जिले में पिछले तीन दिनों में लगभग 400 वाहनों को चेक किया गया एवं नियम विरुद्ध काली फिल्म लगाए हुए 70 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई उप पुलिस अधीक्षक यातायात आर पी चौबे ने बताया कि इन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ-साथ अब उन ऑटोमोबाइल्स शॉप एवं कार डेकोर शॉप को भी नोटिस जारी किए जा रहे हैं जहां इस प्रकार की फिल्म लगाई जाने की संभावना है नोटिस में स्पष्ट रूप से उन्हें अवगत कराया जा रहा है कि इस प्रकार की ब्लैक फिल्म वाहन में नहीं लगाया जा सकता इस संबंध में माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी हैं इस बाबत भी उन्हेंअवगत कराया जा रहा है यदि ऑटोमोबाइल शॉप एवं कार डेकोर शॉप इस प्रकार की गतिविधियों में संलग्न पाए जाते है तो उनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जावेगी साथ ही अब वाहन चालक से पूछा भी जावेगा की किस ऑटो डेकोर शॉप में उनके द्वारा यह फिल्म लगवाई गई है इस आधार पर भी इस प्रकार की दुकानों पर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक से टकराकर एक की मौत

**न्यूटन / परासिया, देशबन्धु।** न्यूटन नंबर 13 से त्रिमूर्ति चौक पर स्थित अपनी दुकान खोलने जा रहे करीब 50 वर्षीय कृष्ण कुमार पात्रिक पिपरिया की ओर से आ रहे हैं एक ट्रक से टकरा गए, जिन्हें घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया । जहां उसकी मौत हो गई । ट्रक चालक के द्वारा ट्रक को पुलिस चौकी में खड़ा कर दिया गया है । ट्रक शबनम ट्रांसपोर्ट का बताया जा रहा है।

### आंवला नवमी पर महिलाओं ने किया पूजन-अर्चन



**छिंदवाड़ा, देशबनधु।** आंवला नवमी पर शिव मंदिर लक्ष्मी नारायण मंदिर टाउन हॉल में महिलाओं ने किया पूजन अर्चन। भगवान से परिवार की सुख-समृद्धि की मांग की।

### अविनाश काकोड़िया एनएसयूआई आदिवासी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे जी एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर की अनुशंसा पर अविनाश काकोड़िया को जिला एनएसयूआई आदिवासी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान की गई।

# सिंगोड़ी मंडल की कामकाजी बैठक आयोजित

## संगठन पर्व सिंगोड़ी मंडल प्रभारी जागेंद्र अडलक एवं सह प्रभारी राजेश कहार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत भवन सिंगोड़ी में आज दिन शनिवार को संगठन महापर्व 2024 भारतीय जनता पार्टी मंडल सिंगोड़ी की महत्वपूर्ण और कामकाजी बैठक संपन्न हुई,बैठक का शुभारंभ उपस्थित अतिथि एवं समस्त वरिष्ठजनों द्वारा भारत माता जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित एवं तिलक लगाकर हुई,तत्पश्चात उपस्थित अतिथि का मंडल पदाधिकारी द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।उपस्थित अतिथि द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों बूथ अध्यक्षों,बूथ प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन पर्व संगठन चुनाव हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए गए एवं भूमिका बताई गई और कहा गया कि आगे और भी कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें आपको पूरी प्रक्रिया समझाई जाएगी।

**ये रहे उपस्थित**- इस अवसर पर उपस्थित अतिथि के साथ मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार,जनपद सदस्य योगेश यादव,वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ उमेश शर्मा,रामनाथ साहू,परसादी पटेल,किशोर साहू,बंटी परिहार,केसब पटवा,भोलाप्रसाद जैन,शिवाजी राव सोनी,महेश जैन,रिक्की साहू,नर्वदा पटवा,काशीराम बंजारा, शिवप्रसाद सूर्यवंशी,हजारी चंद्रवंशी,विजय चंद्रवंशी,राजकुमार शर्मा,अनिल जैन,अंकित जैन,दीपक साहू,राजकुमार चंद्रवंशी,युवा मोर्चा अध्यक्ष अनमोल बत्रा,महामंत्री स्वप्निल कंच-रितेश चंद्रवंशी,अविनेश जैन,रघुनाथ खोबरे,राजिक अंसारी,अनीश बाबा,सुल्तान भाई, नाजिम भाई,टेकचन्द प्रजापति,संजय सोनी,दर्शन पटवा,पिंकू साहू,सुमित विश्वास, पप्पू यादब,ईश्वर चंद्रवंशी,रामजी डेहरिया,राकेश वर्मा-महिला मोर्चा अध्यक्ष राजकुमारी नागेश,महामंत्री शबनम बानो,रश्मि मराठा, मीरा वर्मा एवं समस्त मोर्चा के मंडल पदाधिकारी ओर भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# जिला माली समाज का दीपावली मिलन समारोह



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** जिला माली समाज विकास परिषद अध्यक्ष भाउराव चरपे के नेतृत्व में दीपावली मिलन समारोह स्थानीय माली समाज भवन माता मंदिर बरारीपुरा में दिनांक 10 नवंबर 2024 दिन रविवार को समस्त सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया । इस अवसर महात्मा फुले भवन लोनिया करबल में सावित्री बाई फुले जी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु विचार विमर्श किया गया । कार्यक्रम में विशेष रूप से भाउराव चरपे सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य हरिभाउ बाड़बुदे, ज्ञानेश्वर कनेरे, विजय घोरसे, महेन्द्र सातपुते, प्रभाकर भुसानकर, सत्येन्द्र सेमेकार, देवानंद निकाजू, गोविंदराव आलोनकर, काशीनाथ घोरसे, अशोक अम्बाडकर, तुलसीराम चोरकर, चंदू चरपे, मुन्ना चरपे, अशोक धांधोड़े, जागेश्वर घोरसे, रमेश घोरसे आदि सामाजिक बंधु उपस्थित थे।



# अमिषि राय ने जीता रजत पदक

## सब जूनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप पचमढ़ी में आयोजित

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** कराते प्रशिक्षक रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन छिंदवाड़ा से 20 कराते खिलाड़ियों का चयन म.प्र स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन मे स्टेट कराते चैंपियनशिप पचमढ़ी के लिए हुआ था। 8 व 9 नवंबर पचमढ़ी मे स्टेट कराते प्रतियोगिता आयोजित कि गई। जिसमें 9 साल आयु वर्ग में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के कक्षा 4 की छात्रा अमिषि राय रजत पदक जीता है। चैंपियनशिप में शामिल हुए सभी कराटे खिलाड़ियों को एम. पी. स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के प्रेसिडेंट वा कराटे प्रमुख राजेंद्र सींग तोमर, रामनाव नागले, राजेंद्र तारण, ओमकार मोहबे, रविन्द्र जायसवाल,हनुमान प्रसाद तिवारी कविता थापा, मोनिका मालवी, प्रज्ञा सोनी, केंद्रीय विद्यायल क्रमांक 2 के प्राचार्य और शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

# भगवत गीता है राष्ट्रग्रंथ : नेमीचंद

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** स्वीटी अल्डक पिता प्रभाकर अल्डक सोमन टेंट हाउस चंदनगांव के निवास पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम का साप्ताहिक गीता स्वाध्याय का समापन हुआ। संस्था के सचिव कश्मीरीलाल बत्रा के अनुसार संस्कृताचार्य अनूपचंद्र त्रिपाठी सी. एम. राईस उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में यज्ञानुष्ठान वैदिक विधि विधान से पूर्ण कराया गया। अनुष्का चढ़ोकार कक्षा 5 द्वारा सुभाषित और अध्याय 14 के पठित श्लोक 15 से 27 तक की संगीतमय व्याख्या निर्मलाचार्य जी के द्वारा की गई ।

प्रतिष्ठानम के केन्द्रीय सप्तोत्सवप्रमुख नेमीचंद व्योम ने अपने उद्बोधन में देश के जिला न्यायालय इलाहबाद, जबलपुर के उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा श्रीमद् गीता को अपने फैसले में राष्ट्रग्रंथ घोषित करने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के अनुमोदन से भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में विश्व के लगभग 80 राष्ट्राध्यक्षों को उन्ही की भाषा में भगवत गीता का प्रकाशन करवाकर राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में भेंट



की यह हमारे लिये बड़े गर्व की बात है । नंदकुमार दीक्षित उपाध्यक्ष आंचलिक साहित्यकार परिषद ने अपने मुख्य उद्बोधन में गीता जी के उपदेशों के अनुसार जीवन जीने तथा राष्ट्र हित में जागृति का उद्घोष किया । डॉ. रामशंकर दियावार प्राध्यापक योग विभाग पी.जी. कालेज छिंदवाड़ा ने श्रीमद् भगवत गीता में योग विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया । लक्ष्मीनारायण मंदिर कालीरात धाम लिंगा के संस्थापक डॉ. अशोक खुलगे ने सनातन हिन्दु धर्म के अनुयाईयों को गीता की शिक्षा के अनुरूप संगठित होकर कर्तव्य पालन की शिक्षा दी । प्रमुख रूप से यशस्कर त्रिपाठी, सुनील चौरिया, मनीष गढ़ेवाल, नरसिंहपुर चौरिया, मेघराज तेकाम, राम अवध यादव, अजय सिंह वर्मा, संजय वर्मा, कौशल्या अल्डक, दुर्गा चढ़ोकार, सोनम अल्डक, द्वारका पांसे, गीता चढ़ोकार, आशीष डहाके उपस्थित थे।

# आधार फाउंडेशन में रक्तदान शिविर 12 को

## सिकल सेल से पीड़ित बच्चों के लिए 111 अहिंसा प्रेमी करेंगे रक्तदान

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** सर्वोदय अहिंसा सहित जियो ओर जीने दो की पवित्र भावना को लेकर बाल दिवस की खुशी में सिकल सेल रोग से पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए सामाजिक संस्था सक्षम द्वारा दिव्यांग बच्चों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन परासिया रोड पोआमा छिंदवाड़ा में जिला चिकित्सालय बल्ड बैंक के सहयोग से मंगलवार 12 नवंबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के संयोजक श्रीमती सरिता महेश किंथ ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ दोपहर 2 बजे से होगा जिसके मुख्य अतिथि भा. ज. पा. जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, विशेष अतिथि नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहके, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एन. के. शास्त्री के साथ शिविर की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नपानि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन करेंगें।

श्री जैन ने बताया कि सिकल सेल रोग से पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए विशेष रूप से यह रक्तदान शिविर बाल दिवस की पूर्व बेला पर आयोजित किया गया है जिसमें अभी तक दिव्यागजनों, समाज सेवियों, चिकित्सकों एवं गणमान्य नागरिकों सहित कुल 111 रक्तदाताओं की स्वीकृति स्वेच्छा से प्राप्त हो चुकी है, इसके अतिरिक्त भी जो भी अहिंसा प्रेमी सिकल सेल के बच्चों के जीवन दान देने हेतु रक्तदान करना चाहातें हैं वे शिविर में आकर रक्तदान कर सकते हैं। सभी रक्तदाताओं को विशेष समारोह में सक्षम एवं आधार फाउंडेशन द्वारा मुख्य अतिथि के हस्ते प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जावेगा। रक्तदान शिविर में जिले के सभी रक्तदाताओं सहित समाज सेवियों एवं गणमान्य नागरिकों को आयोजकों द्वारा आमंत्रित किया गया है।

# छिंदवाड़ा को मिले सात गोल्ड मैडल

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** कराते प्रशिक्षक रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन छिंदवाड़ा से 20 कराते खिलाड़ियों का चयन म.प्र स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन द्वारा 8 से 9 नवंबर मे आयोजित स्टेट कराते चैंपियनशिप पचमढ़ी के लिए हुआ, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुये छयाँक शाह परतेती द्वारा 2 गोल्ड, शिविका धेनुसेवक गोल्ड, राघव रघुवंशी गोल्ड, सिद्दार्थ उइके गोल्ड, देवांश राउत गोल्ड, इरा राँगारे गोल्ड, मेडल लगा, सिल्वर मेडल में अर्जुन अश्विनी पटेल, अमिशी राय, आर्या रघुवंशी, भावन्या मरकाम, राघव रघुवंशी, ब्राउन्स मेडल में लक्ष्या टांडेकर, आशना राँगारे,वाणी



शर्मा, स्वरा रघुवंशी, मिहित अग्रवाल, नायशा जायसवाल, अद्विता त्रिपाठी , अनाया सींग ,जियाना घई शामिल हैं गोल्ड,सिल्वर, मिलाकर टोटल 20 मेडल छिंदवाड़ा को मिले इस अवसर पर इन सभी कराते खिलाड़ियों को एमपी स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन के प्रेसिडेंट वा कराते प्रमुख राजेंद्र सींग तोमर, रामनाव नागले, राजेंद्र तारण, ओमकार मोहबे, हनुमान तिवारी, रविन्द्र कुमार जायसवाल, कविता थापा, मोनिका मालवी, प्रज्ञा सोनी, आन्या सोनी शिखा मालवी ने बधाई दी।

# मोहन कॉलरी क्षेत्र में चल रहा कोयले का अवैध व्यापार





## -क्षेत्र के सैकड़ों लोग खदानों से निकाल रहे कोयला
## -चट्टाने धंसकने से कई की जा चुकी है जान

**जुन्नारदेव गुढ़ी अंम्बाड़ा, देशबन्धु।** कोयलांचल की नगरी मोहन कालरी के तीन नंबर एवं धाऊ क्षेत्र सहित हिंगलाज मंदिर के आस-पास के जंगलों में कोयले का अवैध व्यापार जोरों पर चल रहा है, क्षेत्र के सैकड़ो लोग बंद हो चुकी भूमिगत से ले ओपन कास्ट खदानों से बड़े पैमाने पर कोयला निकाल रहे हैं, निकले कोयला को टू फोर व्हीलर से पूरी रात ढोने का कार्य चल रहा है एवं कोयले को अवैध ईट भट्ठों में माफिया पहुंचा रहे हैं, लोग इस कोयला को निकालने में जान तक की परवाह नहीं कर रहे हैं लोग गहरी चट्टान के अंदर जा कोयला निकाल रहे हैं जिसमें घटना होने की पूरी स्थिति स्वतः स्पष्ट नजर आ रही है, एवं सुरंग धशक जाने से पूर्व में कई लोगों की जान जा चुकी है, उक्त व्यापार पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बंद हो परासिया एसडीएम पुष्पेंद्र कुमार निगम से फिर शिकायत होगी ताकि व्यापार पूरी तरह बंद हो सके।

सनद रहे कि समूचा उप क्षेत्र अंम्बाडा़ कोयलांचल से संबंध रखता है पिछले 7 से 8 दशकों से उसे क्षेत्र में भूमिगत से ले कर कोयले की ओपन कास्ट का खदाने चलती रही जिसमें जहां हजारों खान श्रमिकों ने काम किया वही कंपनी को हजारों लाखों टन कोयला भी निकाल कर दिया है। कंपनी सुरक्षा के साथ निकलती थी कोयला-खदान के अंदर जहां सैकड़ो मजदूर काम करते रहे वहीं कंपनी को हजारों लाखों टन कोयला भी निकाल कर दिया, वहीं खदानों से जब कंपनी कोयला निकलती थी, उसे समय किसी भी मजदूर को कुछ ना हो बराबर मजबूती प्रदान करते रहे ताकि किसी भी मजदूर के साथ कोई जानलेवा घटना घटित ना हो।

बिना सुरक्षा मजबूती के निकल रहे कोयला-आज क्षेत्र में ऐसे कई स्थान है, जहां कंपनी ने भूमिगत से ले कोयले की ओपन कास्ट खदानें चलाई किंतु इन खदानों की कंपनी ने पुराई कराई ना मोहरों को भी बंद किया कोयला ऊपर ही दिखाने के चलते ग्राम पंचायत अंम्बाड़ा से ले पालाचौरई के सैकड़ो लोग इन स्थानों पर जा बिना सुरक्षा एवं कोयला निकाल रहे हैं,

कई जाने जा चुकी है-क्षेत्र के सैकड़ो लोग इन स्थानों पर जा बिना सुरक्षा एवं बिना मजबूती प्रदान किए बिना जो कोयला निकाल रहे हैं इस बात के चलते कई घटनाएं घटित हो कई जाने जा चुकी है पर माफिया पुलिस से ले वन विभाग एवं वे.को.ली. के जवाब दारो को मंथली दे कोयला निकाल रहे हैं निकले कोयले को पहले माफिया खरीदते फिर पूरी रात टू व्हीलर से ले फोर व्हीलर से ढोने का कार्य पूरी रात करते एवं इस अवैध व्यापार से हजारों रुपए कमाते है फिर पुलिस से ले वन एवं वेकोली के जवाबदार अधिकारियों को इनका हिस्सा देते हैं ।

आज एसडीएम से होगी शिकायत-आज पत्रकार सरवर लाल भारती परासिया जाएंगे एवं एसडीएम श्री निगम से मिलेंगे एवं अवैध कोयला का व्यापार बंद हो को ले लिखित शिकायत करेंगे ज्ञात रहे कि पिछले वर्ष भी व्यापार शुरू हुआ था उस समय भी शिकायत होने पर उक्त व्यापार बंद हुआ था।

# संगीतमय भजनों में झूमे श्रद्धाल



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** धार्मिक और सामाजिक सेवा का संगम कहे जाने वाला श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है ।

इसी क्रम में ग्रुप द्वारा श्री रमेश साहू जी के निजनिवास-नंद बिहार कॉलोनी,नरसिंगपुर रोड़,छिंदवाड़ा जिला छिंदवाड़ा में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का महापाठ किया गया साथ ही हनुमानजी जी महाराज की लीलाओं का किया व्याखान एवं प्रभु श्री राम जी की फोटो फ्रेम देकर भेंट की गई। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,प्रदीप भारती,अंश पटेल,कैलाश उइके,मेघा उईके,अनय कसार,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,अभिषेक कवरेती,युवराज पाटकर (पटवा),सोनू,रिंकू ढोलक मास्टर,उमेश वंशकार, जित्तू यादव,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,राहुल बातरे,प्रतीक चौबितकर,मैउयर गोशामी,दिलीप ठाकुर,पप्पू वंदेवार,दुर्गेश चंदेल,साहिल मालवी,गौरव-सौरव मर्सकोले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,अभिषेक ठाकुर,नितेश नागवंशी,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,टीनू मालवी, चाँदनी मालवी,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,चंचलेश मालवीय,नरेश वंशकार एवं समस्त चौधरी परिवार के साथ वार्ड वासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है ग्रुप द्वारा कई वर्षो से धर्म का प्रचार.प्रसार किया जा रहा है साथ ही सभी को जोड़ा जा रहा हैं।आगामी शनिवार को सेन समाज के दीवाली मिलन समारोह के अवसर पर किया जाएगा।

## सार-समाचार

# मोहखेड सरपंच संघ व सचिव संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

**मोहखेड़, देशबन्धु।** मोहखेड सरपंच संघ एवं सचिव संघ के संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार को को 12 बजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहखेड को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपेंगे। सरपंच एवं सचिव संघ ने अपनी परेशानी बताते हुए बताया कि विगत वर्षो से सरपंच एवं ग्राम पंचायत के सचिव को जनपद स्तर पर बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ज्ञापन, आवेदन, निवेदन, के बाद भी संबंधित अधिकारी समस्या का निराकरण करने में असफल रहे हैं, इसी कार्यकम में कल जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष परसराम वर्मा व जिसमें मोहखेड़ ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष संतोष कड़वे ब्लॉक सरपंच प्रभारी यशवंत बेलवंशी सचिव सरपंच शबनम फैयाज खान संगीता सतीश गिरहारे ममता सुदामा डोबले संध्या शैलेंद्र धारे मनोहर गोहटे विनायक डिगरसे ममता विनोद चोपडे दीपिका सदाशिव खोशी सचिव संघ के अध्यक्ष दयाराम कोडले मदन राउत राजेंद्र मालवीय मोहन चौरसिया राजेंद्र चोरे संदीप सरेठा गजानन पवार रघुनाथ बिसेन धनराज गौतम अनिता रेहडवे वदना पवार संयुक्त मोर्चा की उपस्थिति में ज्ञापन सौपा जायेगा, जिसमें सभी सरपंच साथी एवं सचिव साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।



# शिक्षकों ने अनुपस्थित छात्रों के पालकों से मिलकर नियमित स्कूल भेजने की अपील

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम सुधार एवं छात्रों की विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल के मार्गदर्शन में विगत दिवस शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में अध्ययनरत छात्रों के आश्रित ग्राम ढीमरमेटा में शाम के समय शिक्षक श्री राकेश कुमार मालवीय द्वारा पालकों के घर-घर जाकर सम्पर्क स्थापित किया गया, जिसमें कक्षा 10 वीं के ज्यादा अनुपस्थित बच्चों व कक्षा 6वीं से 10 वीं तक के सभी पालकों को छात्रों को नियमित स्कूल भेजने, घर में नियमित अध्ययन करने की समझाईश दी गई।

इस प्रकार ग्राम ढीमरमेटा में शिक्षक श्री मालवीय द्वारा कक्षा 10वीं के राज पिता श्री राजेश विश्वकर्मा, आदित्य पिता श्री श्रीपाल सलाम, ज्ञानदास पिता श्री दरेश, जनमेजय पिता श्री खिलाड़ी, कक्षा 9वीं के आजाद सल्लाम, अमित यादव व कक्षा 7वी के सुभाष पिता श्री ईश्वरी और कक्षा 8वीं के करण पिता श्री राजेश विश्वकर्मा से संपर्क किया गया।

# वृद्ध आश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों को कराया स्वल्पाहार



**अमरवाड़ा,देशबन्धु।** नगर के समाजसेवी और तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू धनराज चंदेल के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपावली के बाद अपने परिवार जनों के साथ पहुंचकर वृद्ध आश्रम छिंदवाड़ा में सभी बुजुर्गों के साथ सुबह से शाम तक रहकर उनकी सेवा की और उन्हें स्वल्पाहार कराया और उनके साथ समय बिताया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी बेटी दामाद पुत्र बहू मौजूद रही। वही आपको बता दें कि उनके द्वारा हर त्योहार के बाद वृद्ध आश्रम में जाकर बुजुर्गों के साथ समय विताकर उन्हें स्वल्पाहार कराया जाता है और समय-समय पर अमरवाड़ा नगर में जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है।

# पुरस्कार वितरण के साथ दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** रविवार को स्थानीय श्री जी रिसोर्ट में श्री रामलीला मंडल छिंदवाड़ा का दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ। श्री रामलीला मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम में सबसे पहले मंडल के कोषाध्यक्ष सुभाष साहू द्वारा वर्ष 2024 के मंचन के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसमे उन्होंने प्राप्त हुई आय एवं मंचन में हुए व्यय का विस्तृत विवरण दिया गया।

आय व्यय के ब्यौरे के उपरांत मंडल के सभी कलाकारों एवं पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। सचिव राजेंद्र आचार्य ने बताया कि सम्मान समारोह के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया। जिसमे सभी ने भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन तरुण जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंडल के परम सहयोगी पूनमचंद साहू, डॉ. मनन गोगिया एवं डॉ भानुप्रताप सहित जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहके, एडिशनल एसपी अवधेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता विजय पांडे, गरिमा दामोदर, भारत घई, सुधीर पाटनी, वीरेंद्र सतीजा, राम भगवानदीन राय, वैश्य महासभा,पूज्य सिंधी पंचायत, सुंदरकांड ग्रुप, विद्यार्थी रामायण मंडल, के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही मंडल के संरक्षक राजू चरणागर, कस्तूरचंद जैन सतीश दुबे लाला, अध्यक्ष अरविंद राजपूत सचिव राजेंद्र आचार्य, मुख्य निर्देशक वीरेंद्र शुक्ल सहित समस्त पदाधिकारी , कलाकार एवं दानदाता उपस्थित रहे ।

# 24 घंटे के भीतर सड़क हादसे में चार की मौत

## एनएच 47 में जगह-जगह हुए गड्ढे बन रहे हादसे का कारण




**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार को भी सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत हो गई। बीते 24 घंटे में ही अलग, अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो चुकी है। ये स्थिति तब है जब जिला प्रशासन और पुलिस लगातार यातायात नियमों का हवाला देकर सड़क हादसे रोकने का प्रयास कर रही है।रविवार दोपहर करीब 3.30 बजे छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर हाईवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत हो गई, इसके बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें शांत कराया, आरोपित की तलाश शुरू कर दी।

हर्रई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बसुरिया निवासी 30 वर्षीय दशरथ धुर्वे गेहूं पिसवा कर चक्की से स्कूटी से लौट रहा था। इस समय तेज रफ्तार से हर्रई की तरफ आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह जख्मी हो गया तथा उसका पैर भी फ्रैक्चर हो गया, घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, तत्काल सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल हुए वाहन चालक दशरथ को तत्काल हर्रई अस्पताल लेकर आए। उसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था, बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया, वहीं बीती रात पांढुर्णा के सौंसर तहसील के रामाकोना में तेज रफ्तार क्रेटा वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवक की मौत हो गई है। वहीं अन्य एक युवक की हालत गंभीर है। उसे इलाज के लिए नागपुर रेफर किया गया है।

मृतक शुभम पिता बसंत मरकाम निवासी और सौरभ पिता सुरेश यादव निवासी कुकड़ाजगत छिंदवाड़ा है। के रुप में हुई है। वहीं अन्य एक युवक अभय पिता राजेश इवनाती की हालत काफी गंभीर है। उसे इलाज के लिए नागपुर ले जाया गया है। सौंसर तहसील के नानंदवाड़ी के छाबड़ी निवासी सुभाष उईके की सड़क हादसे में मौत हो गई है। वह सौंसर होते हुए अपने गांव जा रहा था। साथ ही उसके 5 साल के भतीजे की मौत हुई है। वहीं दूसरा भतीजा घायल है। दूसरी बाइक पर सवार उभेगांव निवासी हेमराज घायल है। इसे और इसके एक साथी को छिंदवाड़ा रेफर किया गया है।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के कार्य की समीक्षा बैठक का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम भोपाल प्रबंध संचालक व रोल प्रेक्षक श्री दिलीप कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुई और इसमें पुनरीक्षण कार्य की विस्तार से समीक्षा करते हुए आगामी चुनाव प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

रोल प्रेक्षक श्री कुमार ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मतदाता सूचियों में सभी योग्य मतदाताओं के नाम शामिल हों और अनावश्यक नामों को हटाने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से अंजाम दिया जाए। उन्होंने इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और समग्रता बनाए रखने पर जोर दिया। श्री कुमार ने यह भी कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के सभी मतदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठाए जाएं।

इसके अतिरिक्त उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि इस कार्य में किसी भी तरह की त्रुटि से बचने के लिए सतर्कता बरतें और समय पर सभी गतिविधियों को पूर्ण करें। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव रखे जिनमें मतदाता जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में जिले के कलेक्टर श्री शीले-?द्र सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार, एडीएम श्री के.सी. बोपचे और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। साथ ही जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# मराठा समाज का दीपावली मिलन समारोह 17 को

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** जिला क्षत्रिय मराठा समाज के पदाधिकारियों की एक बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया 17 नवंबर रविवार को जिले चंदनगांव स्थित भरतादेव में समाज के लोगों का दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में सभी सामाजिक बंधु, महिलाएं एवं बच्चे शामिल होंगे। मिलन समारोह में समाजोत्थान पर एवं आगामी सेवा कार्य पर चर्चा की जाएगी। साथ ही बच्चों एवं



महिलाओं के लिए मनोरंजक गेम होंगे। जिसके उपरांत सभी सामाजिक बंधुओं का स्नेह भोज होगा।



# ग्राम भुमका, खिरकीघाट और चिलक में किए चूजे वितरित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आदिवासी हितग्राहियों को 40 चूजे प्रति हितग्राही ऐसे 50 हितग्राहियों को कुल 2000 चूजे 9 नवंबर 2024 को वितरित किये गये। कलेक्टर सिंह के द्वारा चिलक में किसानों की चौपाल लगाकर सभी विभागों की समीक्षा की गई थी, जिसमें उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार को निर्देशित किया गया था कि गरीब आदिवासियों को मुर्गीपालन के लिये चूजे वितरण किये जाये । इसी तारतम्य में स्टेट बैकयार्ड योजना के अन्तर्गत 2225 रूपये राशि, जिसमें शासन की राशि 1669 रूपये एवं हितग्राही अंशदान राशि 556 रूपये प्राप्त कर प्रकरण बनाकर भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार अंगारिया के हस्ते ग्राम खिरकीघाट में तथा उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ.पक्षवार के हस्ते ग्राम भुमका व चिलक में चूजे वितरित किये गये । उप संचालक डॉ.पक्षवार द्वारा बताया गया कि यह चूजे बड़े होकर 4 माह में मुर्गी बनकर अण्डे देना प्रारंभ कर देगी । अण्डे बेचकर हितग्राही आर्थिक लाभ अर्जित करेंगे।

# कोयला खनिज के अवैध भंडारण पर 1.18 करोड़ 95 हजार का जुर्माना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत एक प्रकरण में खनिज अधिकारी छिंदवाड़ा से खनिज कोयला का अवैध भण्डारण के संबंध में प्राप्त प्रकरण अनुसार अवैध भण्डारणकर्ता जावेद अली पिता श्री स्व.कासम अली निवासी खिरसाडोह तहसील परासिया जिला छिन्दवाड़ा एवं मेसर्स अमलगमेटेड कोक्स एण्ड फ्यूल्स प्रा.लि. के डायरेक्टर सलीम भारती ग्राम नंदौरा तहसील जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा द्वारा मेसर्स अमलगमेटेड कोक्स एण्ड फ्यूल्स प्रा.लि. निवासी नंदौरा जिला छिन्दवाड़ा को ग्राम नंदौरा खसरा नंबर 64, 72 रकबा 3.522 हे. क्षेत्र में खनिज मैंगनीज के भण्डारण अनुज्ञप्ति स्थल पर कोयला मात्रा 4500 मीट्रिक टन का बिना अनुमति के भण्डारण होना पाया गया जो कि म.प्र.खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अध्याय पांच नियम 18 (2) एवं (4) के अनुसार खनिज कोयला का अवैध भण्डारण करने और अवैध परिवहन का उल्लंघन प्रमाणित होने पर प्रावधान अनुसार अनावेदक जावेद अली पिता श्री स्व.कासम अली निवासी खिरसाडोह तहसील परासिया जिला छिन्दवाड़ा एवं मेसर्स अमलगमेटेड कोक्स एण्ड फ्यूल्स प्रा.लि. के डायरेक्टर सलीम भारती ग्राम नंदौरा तहसील जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा पर अर्थशास्ति और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की कुल शास्ति राशि की दुगुना राशि 118956600 रुपए अधिरोपित की गई है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि खनिज अधिकारी छिंदवाड़ा के माध्यम से प्रस्तुत प्रकरण में अवैध भण्डारण के संबंध में संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म के पत्र 19 मई 2023 के संबंध में खनि निरीक्षक से जांच कराई गई। जांच के बाद अनावेदकगण जावेद अली पिता श्री स्व.कासम अली निवासी खिरसाडोह तहसील परासिया जिला छिन्दवाड़ा एवं मेसर्स अमलगमेटेड कोक्स एण्ड फ्यूल्स प्रा.लि. के डायरेक्टर सलीम भारती ग्राम नंदौरा तहसील जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया एवं उनके द्वारा 04 सितंबर 2023 को जवाब प्रस्तुत किया गया। शिकायत की जांच संयुक्त समिति के द्वारा की गई। संयुक्त समिति में लेब असिस्टेंट म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड छिन्दवाड़ा श्री रमेश द्विवेदी, वाणिज्यिकर सीटीआई-2 वाणिज्यकर अधिकारी छिन्दवाड़ा श्री आर.यादव, सहायक प्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र छिन्दवाड़ा श्री महेश वाद्य, खनि निरीक्षक छिन्दवाड़ा श्री बसंत कुमार पाटिल, पटवारी ग्राम नन्दौरा तहसील जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा श्री दीपक ठाकुर द्वारा संयुक्त जांच प्रतिवेदन 04 अक्टूबर 2023 को प्रस्तुत किया गया। संयुक्त जांच प्रतिवेदन के प्रकाश में मेसर्स अमलगमेटेड कोक्स एण्ड फ्यूल्स प्रा.लि. निवासी नंदौरा जिला छिन्दवाड़ा को ग्राम नंदौरा खसरा नंबर 64, 72 रकबा 3.522 हे. क्षेत्र में खनिज मैंगनीज के भण्डारण अनुज्ञप्ति स्थल पर कोयला मात्रा 4500 मीट्रिक टन का बिना अनुमति के भण्डारण किया जाना पाया गया ।

खनि निरीक्षक से प्रतिवेदन 29 दिसंबर 2023 को प्राप्त किया गया, जिसके अनुसार म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के अध्याय पांच नियम 18 (2) एवं (4) के अनुसार अवैध भण्डारणकर्ता जावेद अली पिता श्री स्व.कासम अली निवासी खिरसाडोह तहसील परासिया जिला छिन्दवाड़ा एवं मेसर्स अमलगमेटेड कोक्स एण्ड फ्यूल्स प्रा.लि. के डायरेक्टर सलीम भारती ग्राम नंदौरा तहसील जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा द्वारा किया गया कृत्य अवैध श्रेणी का है, जिसके लिये नियमानुसार प्रशमन राशि 1000 रूपये, अर्थदण्ड राशि 29739150 रूपये एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि रूपये 29739150 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 59479300 रूपये अधिरोपित करने के लिये प्रस्तावित किया गया। लेकिन अनावेदकगणों द्वारा प्रशमन स्वीकार नहीं किए जाने के कारण नियम के प्रावधान अनुसार नियम 2022 के अध्याय 5 नियम 18 (6) के प्रावधानों के अनुसार अवैध उत्खनन/अवैध भण्डारण का उल्लंघन प्रमाणित होने पर उपनियम (2) के अनुसार अर्थशास्ति एवं पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के कुल योग 59478300 रुपए की दुगुना राशि 118956600 रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई है। उन्होंने खनि अधिकारी को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार शास्ति की राशि निर्धारित मद में शासन के पक्ष में जमा कराई जाने की अग्रिम कार्यवाही करने और आरोपित शास्ति की राशि की प्रविष्टि अर्थदण्ड पंजी में कराये जाने के निर्देश दिये हैं । साथ ही निर्धारित प्रावधानों के अनुसार जप्तशुदा खनिज को पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के अंतर्गत नीलाम करने और अपील अवधि के बाद नियमानुसार नीलामी की जाकर नीलामी से प्राप्त राशि शासन के निर्धारित मद में चालान द्वारा जमा किये जाने के आदेश भी पारित किये गये हैं।